Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- सवाईमाधोपुर रिश्वत प्रकरण (श्री सुरेन्द्र कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सवाईमाधोपुर) में अनुसंधान के दौरान संलिप्तता पाये जाने पर जिला परिवहन अधिकारी, सवाईमाधोपुर गिरफ्तार।

जयपुर, 24 मई, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जयपुर द्वारा दिनांक 19.05.2025 को सवाईमाधोपुर एसीबी प्रभारी श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा एएसपी एवं दो दलालों को रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार किया गया था। प्रकरण में आज कार्यवाही करते हुये आरोपी पुन्याराम मीणा जिला परिवहन अधिकारी सवाईमाधोपुर को अनुसंधान के पश्चात गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि दिनांक 19.05.2025 को सवाईमाधोपुर एसीबी के पूर्व प्रभारी श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा एएसपी एवं दो दलालों को रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार किया था। जिसके अनुसरण में परिवहन विभाग एवं अन्य विभागों अधिकारी/कर्मचारियों की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी जयपुर के **अति. पुलिस अधीक्षक श्री विशनाराम** अनुसंधान अधिकारी के नेतृत्व में आज **पुलिस निरीक्षक श्री राजकुमार शर्मा** द्वारा मय टीम के कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री पुन्याराम मीणा को सीबीआई फाटक जगतपुरा से दस्तयाब किया गया। आरोपी से अनुसंधान किया जाकर संलिप्तता के पुख्ता साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी श्री पुन्याराम मीणा जिला परिवहन अधिकारी जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है।